सत्यमेव जयते

लेखे एक दृष्टि में
(2022-23)

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

उत्तराखण्ड सरकार

उत्तराखण्ड सरकार

वर्ष 2022-23 के लिए
'लेखे एक दृष्टि में'

महालेखाकार
(लेखा एवं हकदारी),
उत्तराखण्ड

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

उत्तराखण्ड सरकार

आमुख

वर्ष 2022-23 के लिए हमारे वार्षिक प्रकाशन 'लेखे एक दृष्टि में' के सत्रहवें अंक को प्रस्तुत करते हुए मुझे खुशी हो रही है, जो सरकारी गतिविधियों का परिदृश्य प्रस्तुत करता है, जैसा कि "वित्त लेखे और विनियोग लेखे" में प्रदर्शित होता है ।

वित्त लेखे समेकित निधि, आकस्मिकता निधि और लोक लेखे के अंतर्गत लेखों का सारांश विवरण है । विनियोग लेखे राज्य विधानमंडल द्वारा अनुमोदित प्रावधानों के विरुद्ध अनुदान-वार व्यय को दर्ज करते हैं और वास्तविक व्यय और आवंटित धन के बीच भिन्नता के लिए स्पष्टीकरण दर्शाते हैं ।

वित्त और विनियोग लेखे नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कर्तव्य, शक्तियाँ और सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 की आवश्यकताओं के अनुसार भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (C&AG) के निर्देशन में मेरे कार्यालय द्वारा प्रतिवर्ष विधानसभा में प्रस्तुत करने हेतु तैयार किए जाते हैं ।

हम पाठक के उन सुझावों का स्वागत करते हैं जो हमारे प्रकाशन को बेहतर बनाने में सहायक हों ।

देहरादून
दिनांक: 28 NOV 2023

(राजीव कुमार सिंह)
महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)
उत्तराखण्ड

हमारी दूरदर्शिता, लक्ष्य और बुनियादी मूल्य

दूरदर्शिता

(हम जो बनना चाहते हैं वो भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की संस्था की दूरदर्शिता चित्रित करती है।)

हम सार्वजनिक क्षेत्र की लेखापरीक्षा और लेखा में एक वैश्विक मार्गदर्शन और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के सर्जक बनने का प्रयास करते हैं और सार्वजनिक वित्त और शासन पर स्वतंत्र, विश्वसनीय, संतुलित और समय पर रिपोर्टिंग के लिए मान्यता प्राप्त हैं ।

लक्ष्य

(हमारा मिशन हमारी वर्तमान भूमिका को व्यक्त करता है और हमारे वर्तमान कार्यों को वर्णित करता है।)

भारत के संविधान द्वारा अनिवार्य, हम उच्च गुणवत्ता की लेखापरीक्षा और लेखांकन के माध्यम से जवाबदेही, पारदर्शिता और सुशासन को बढ़ावा देते हैं और अपने हितधारकों यथा विधानमंडल, कार्यपालिका और जनता को स्वतंत्र आश्वासन प्रदान करते हैं कि सार्वजनिक निधियों का उपयोग कुशलतापूर्वक और इच्छित उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है ।

बुनियादी मूल्य

(हमारे बुनियादी मूल्य हमारे सभी कृत्यों के लिए मार्गदर्शक प्रकाश स्तम्भ हैं और हमें अपने प्रदर्शन का आकलन करने के लिए मानदंड देते हैं ।)

- स्वतंत्रता
- निष्पक्षता
- अखंडता
- विश्वसनीयता
- पेशेवर उत्कृष्टता
- पारदर्शिता
- सकारात्मक दृष्टिकोण

अनुक्रमणिका

		पृष्ठ सं.
अध्याय 1	**विहंगावलोकन**	
1.1	प्रस्तावना	1
1.2	सरकारी लेखों की संरचना	2
1.3	वित्त लेखे एवं विनियोग लेखे	4
1.4	निधियों के स्रोत एवं उपयोग	7
1.5	राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (एफ.आर.बी.एम.) अधिनियम, 2005	11
अध्याय 2	**प्राप्तियाँ**	
2.1	प्रस्तावना	15
2.2	राजस्व प्राप्तियाँ	15
2.3	कर राजस्व	17
2.4	कर संग्रह की लागत	20
2.5	पिछले पांच वर्षों में केन्द्रीय करों में राज्यांश की प्रवृति	20
2.6	सहायक अनुदान	21
2.7	लोक ऋण	22
अध्याय 3	**व्यय**	
3.1	परिचय	23
3.2	राजस्व व्यय	23
3.3	पूँजीगत व्यय	28
3.4	प्रतिबद्ध व्यय	30
अध्याय 4	**विनियोग लेखे**	
4.1	वर्ष 2021-22 के लिए विनियोग लेखे का सारांश	31
4.2	पिछले पांच वर्षों के दौरान बचत/आधिक्य की प्रवृति	31
4.3	महत्त्वपूर्ण बचतें	32
अध्याय 5	**परिसम्पतियाँ एवं देयताएँ**	
5.1	परिसम्पतियाँ	36
5.2	ऋण एवं दायित्व	37
5.3	प्रत्याभूतियाँ	38

अध्याय 6	**अन्य मदें**	
6.1	आंतरिक ऋण के अंतर्गत प्रतिकूल शेष	39
6.2	राज्य सरकार द्वारा दिए गए ऋण और अग्रिम	39
6.3	स्थानीय निकायों एवं अन्य को वित्तीय सहायता	40
6.4	रोकड़ शेष और रोकड़ शेष का निवेश	42
6.5	लेखाओं का मिलान	42
6.6	लेखा प्रेषित करने वाली इकाईयों द्वारा लेखों का प्रस्तुतीकरण	43
6.7	असमायोजित सार आकस्मिक बिल	43
6.8	उचन्त एवं प्रेषण शेषों की स्थिति	44
6.9	बकाया उपयोगिता प्रमाण-पत्रों की स्थिति	45
6.10	अपूर्ण पूँजीगत कार्यों के कारण प्रतिबद्धतायें	45
6.11	राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली	45
6.12	व्यक्तिगत जमा खाते	46
6.13	निवेश	47
6.14	व्यय का प्रवाह	47
6.15	आरक्षित निधियों की स्थिति	48
6.16	प्रमुख उपकर	50

अध्याय - 1
विहंगावलोकन

1.1 प्रस्तावना

महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), उत्तराखण्ड विभिन्न एजेंसियों द्वारा प्रेषित किए गए लेखों के आंकड़ों को संचित, वर्गीकृत, संकलित करता है और उत्तराखण्ड सरकार के लेखों को तैयार करता है । संकलन 20 कोषागारों, 106 लोक निर्माण प्रभागों (85 भवन एवं सड़क, 21 ग्रामीण निर्माण प्रखण्ड), 85 सिंचाई प्रभागों, 57 वन प्रभागों (46 वन एवं 11 जलागम), अन्य राज्यों/लेखा कार्यालयों द्वारा प्रेषित किए गए प्रारंभिक लेखों और भारतीय रिजर्व बैंक की सलाह से किया जाता है । हर महीने उत्तराखण्ड सरकार को महालेखाकार (ले. एवं हक़.) के कार्यालय द्वारा एक मासिक सिविल लेखा प्रस्तुत किया जाता है। कार्यालय महालेखाकार (ले. एवं हक़.) प्रतिवर्ष सरकार के महत्वपूर्ण वित्तीय सूचकांकों और व्यय की गुणवत्ता पर एक त्रैमासिक अभिमूल्यन टिप्पणी भी उत्तराखण्ड सरकार को प्रस्तुत करता है । महालेखाकार (ले० एवं हक०) वार्षिक वित्त लेखों और विनियोग लेखों को तैयार करता है, जिन्हें प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा)उत्तराखण्ड द्वारा लेखापरीक्षण के पश्चात एवं भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा प्रमाणीकरण किये जाने के उपरांत राज्य विधानमंडल के समक्ष रखा जाता है ।

1.2 सरकारी लेखों की संरचना

1.2.1 सरकारी लेखे तीन भागो में रखे जाते हैं:-

सरकारी लेखों की संरचना

भाग 1
समेकित निधि

सरकार द्वारा प्राप्त सभी राजस्व जिसमें कर राजस्व एवं करेत्तर राजस्व, जुटाए गये ऋण, समेकित निधि से दिए गये ऋणों (ब्याज सहित) का पुनर्भुगतान शामिल है| सरकार के सभी व्यय एवं संवितरण, जिसमें जारी किये गये ऋण और जुटाए गये ऋणों का पुनर्भुगतान (और उस पर ब्याज) शामिल है, इस निधि से आहरित किए जाते हैं |

भाग 2
आकस्मिकता निधि

आकस्मिकता निधि एक अग्रदाय की प्रवृति में है, जिसका उद्देश्य अप्रत्याशित व्यय जिसके लिए बजट में प्रावधान नहीं था और जिसका प्राधिकरण विधानमंडल द्वारा लंबित है, को पूरा करना है | ऐसे व्यय की प्रतिपूर्ति बाद में समेकित निधि से कर दी जाती है |उत्तराखण्ड सरकार के लिए इस निधि का कार्पस ₹500.00करोड़ है |

भाग 3
लोक लेखे

लोक लेखे में ऋणों (भाग- I में शामिल ऋणों के अलावा), 'जमा', 'अग्रिम' [जिसके संबंध में सरकार का धन वापिस देने का दायित्व है या भुगतान की गई राशि को वसूलने का दावा करती है, ऋण और जमा का पुनर्भुगतान और अग्रिम की वसूली सहित] 'प्रेषण' और 'उचन्त' (उन सभी समायोजन शीर्षों को समाहित करते हुए जिनके तहत कोषागार और मुद्रा चेस्ट के बीच नकद का प्रेषण और विभिन्न लेखांकन परिक्षेत्रों के बीच हस्तांतरण जैसे लेनदेन होते हैं) से सम्बंधित लेनदेन दर्ज किए जाएंगे। इन शीर्षों में प्रारम्भिक नामे व जमा का निपटान, बाद में उसी या किसी दूसरे लेखांकन परिक्षेत्र में अनुरूप प्राप्ति या अदायगी के द्वारा अथवा लेखा के अंतिम शीर्षों में पुस्तांकित करके किया जाता है |

1.2.2 लेखों का संकलन

लेखों के संकलन के लिए प्रवाह आरेख



1.3 वित्त लेखे एवं विनियोग लेखे

1.3.1 वित्त लेखे

वित्त लेखे शासन के राजस्व और पूँजीगत लेखाओं, लोक ऋणों और लेखाओं में अभिलिखित लोक लेखे के शेषों से प्राप्त वित्तीय परिणामों के साथ-साथ वर्ष के लिए सरकार की प्राप्तियों और संवितरणों को दर्शाते हैं । वित्त लेखे को अधिक व्यापक और सूचना देयक बनाने हेतु इन्हें दो खंडों में तैयार किया जाता है। वित्त लेखों के (खण्ड-I)में भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का प्रमाण पत्र, समग्र प्राप्तियों और संवितरणों के तेरह (13) सारांशित विवरण और 'लेखाओं पर टिप्पणी' जिसमें महत्वपूर्ण लेखा नीतियों का सारांश, लेखों की गुणवत्ता और अन्य वस्तुओं पर टिप्पणी शामिल होते हैं | खण्ड-II के भाग-I में नौ (9) विस्तृत विवरण एवं भाग-II में तेरह (13) परिशिष्ट सम्मिलित हैं |

वर्ष 2022-23 के दौरान, भारत सरकार ने ₹4,335.37 करोड़ की राशि विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के लिए उत्तराखण्ड में सीधे राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों / गैर सरकारी संगठनों को हस्तांतरित की | चूँकि ये निधियाँ राज्य बजट के माध्यम से प्रेषित नहीं की जाती है, इसलिए ये राज्य सरकार के लेखों में प्रदर्शित नहीं होती हैं। ये हस्तांतरण वित्त लेखे के खंड II के परिशिष्ट VI में दिए गए हैं।

1.3.2 वर्ष 2022-23 की वित्तीय झलकियाँ

निम्न तालिका वर्ष 2022-23 के लिए वास्तविक वित्तीय परिणाम और बजट अनुमानों का विवरण प्रदान करती है:

क्रम संख्या	घटक	बजट अनुमान *(₹करोड़ में)*	वास्तविक आँकड़े *(₹करोड़ में)*	बजट अनुमानों से वास्तविक आँकड़ों का *प्रतिशत*	जीएसडीपी[1] से वास्तविक आँकड़ों का *प्रतिशत*
1.	कर राजस्व (केन्द्रांश सहित)	24,500.72	27,719.54[2]	113.14	9.16
2.	करेत्तर राजस्व	5,520.79	4,366.55	79.09	1.44
3.	सहायक अनुदान एवं अंशदान	21,452.76	16,996.61	79.23	5.62
4.	**राजस्व प्राप्तियाँ (1+2+3)**	**51,474.27**	**49,082.70**	**95.35**	**16.22**
5.	ऋण एवं अग्रिमों की वसूली	25.28	17.30	68.43	0.01
6.	अन्य प्राप्तियाँ	0.00	11.83	…	0.00
7.	उधार एवं अन्य दायित्व	12,275.00	2,949.04[3]	24.02	0.97
8.	**पूँजीगत प्राप्तियाँ (5+6+7)**	**12,300.28**	**2,978.17**	**24.21**	**0.98**
9.	**कुल प्राप्तियाँ (4+8)**	**63,774.55**	**52,060.87**	**81.63**	**17.20**
10.	राजस्व व्यय	51,289.74	43,772.73	85.34	14.46
11.	ब्याज भुगतान पर व्यय (राजस्व व्यय से)	6,017.85	5,103.63	84.81	1.69
12.	पूँजीगत व्यय	11,987.68	8,194.51	68.36	2.71
13.	वितरित ऋण एवं अग्रिम	156.26	93.63	59.92	0.03
14.	**कुल व्यय (10+12+13)**	**63,433.68**	**52,060.87**	**82.07**	**17.20**
15.	**राजस्व घाटा (-) आधिक्य (+) (4-10)**	**(+)184.53**	**(+) 5,309.97**	**2,877.56**	**1.75**
16.	**राजकोषीय घाटा(-)/ आधिक्य(+) (4+5+6-14)**	**(-)11,934.13**	**(-)2,949.04**	**24.71**	**(-)0.97**

[1]वर्ष 2022-23 के लिए सकल राज्य घरेलू उत्पाद ₹ 3,02,620.68 करोड़ का आँकड़ा (वर्तमान मूल्यों पर) अर्थशास्त्र और सांख्यिकी निदेशालय की वेबसाइट से लिया गया है |

[2] ₹10,617.01 करोड़ में राज्य को समनुदेशित शुद्ध आय (कर) का भाग सम्मिलित है | [राज्य सरकार की स्वकर प्राप्तियाँ ₹17,102.53 करोड़ थी जो सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 5.65 *प्रतिशत* था |]

[3] उधार एवं अन्य दायित्व : शुद्ध (प्राप्तियाँ - संवितरण) लोक ऋण (₹ 956.30 करोड़) + आकस्मिकता निधि शुद्ध (₹ 90.16 करोड़) + शुद्ध [प्राप्तियाँ - संवितरण], लोक लेखा (₹1,658.29 करोड़) + प्रारंभिक एवं अंतिम रोकड़ शेष शुद्ध (₹ 244.29करोड़)|

वर्ष 2022-23 में प्राप्तियाँ एवं संवितरण



[4] ₹10,617.01 करोड़ में राज्य को समनुदेशित शुद्ध आय (कर) का भाग सम्मिलित है| [राज्य सरकार की स्वकर प्राप्तियाँ ₹17,102.53 करोड़ थी जो सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 5.65 प्रतिशत था ||]

[5] उधार एवं अन्य दायित्व : शुद्ध(प्राप्तियाँ- संवितरण) लोक ऋण +आकस्मिकता निधि शुद्ध,+ शुद्ध [प्राप्तियाँ- संवितरण], लोक लेखा + प्रारंभिक एवं अंतिम रोकड़ शेष शुद्ध |

1.3.3 विनियोग लेखे

संविधान के अंतर्गत यह प्रावधान है कि कोई भी व्यय विधायिका के प्राधिकार के बिना सरकार द्वारा नहीं किया जा सकता है। संविधान में वर्णित कुछ ऐसे व्ययों को छोड़कर, जिन्हें समेकित-निधि को प्रभारित किया जाता है तथा विधायिका के वोट के बिना व्यय किया जा सकता है, अन्य सभी व्यय दत्तमत होना आवश्यक है। विनियोग लेखे वित्त लेखे के पूरक हैं। उत्तराखण्ड के बजट में 01 प्रभारित विनियोग, 08 प्रभारित विनियोग / दत्तमत अनुदान और 22 दत्तमत अनुदान है । विनियोग लेखे का उद्देश्य यह दर्शाना है कि विनियोग के साथ संकलित किए गए वास्तविक व्यय को किस सीमा तक प्रति वर्ष के विनियोग अधिनियम के माध्यम से विधायिका द्वारा प्राधिकृत किया गया है |

1.3.4 बजट तैयार करने की दक्षता

विनियोग अधिनियम, 2022-23 में ₹71,011.92 करोड़ रुपये के सकल व्यय का प्रावधान था। इसके सापेक्ष, वास्तविक सकल व्यय ₹60,592.90 करोड़ था और व्यय में कमी ₹57.26 करोड़ थी, जिसके परिणामस्वरूप ₹10,419.02 करोड़ (14.67 प्रतिशत) की बचत हुई और "व्यय में कमी" का कम अनुमान ₹57.26 करोड़ (100.00 प्रतिशत) था | 'वित्त, कर, नियोजन, सचिवालय तथा विविध सेवायें' से संबंधित एक अनुदान में व्याधिक्य देखी गई ।

1.4 निधियों के स्रोत एवं उपयोग

1.4.1 अर्थोपाय अग्रिम

भारतीय रिज़र्व बैंक से न्यूनतम सहमति नकदी शेष (₹0.16 करोड़), जिसे भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ बनाए रखना आवश्यक है, में कमी को पूरा कर तरलता बनाए रखने के लिए अर्थोपाय अग्रिम लिए जाते हैं। वर्ष 2022-23 के दौरान, ₹4,395.47 करोड़ के अर्थोपाय अग्रिम प्राप्त किए और ₹4,395.47 करोड़ चुकाए । अर्थोपाय अग्रिम 36 अवसरों (00 साधारण और 36 विशेष) पर लिए गये | हालाँकि, 31 मार्च 2023 को कोई भी अर्थोपाय अग्रिम बकाया नहीं रहे | वर्ष के दौरान ₹2.21 करोड़ की धनराशि अर्थोपाय अग्रिम पर ब्याज के रूप में दी गयी |

1.4.2 भारतीय रिज़र्व बैंक से अधिविकर्ष / ओवर ड्राफ्ट

भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ बनाए रखे जाने वाले अपेक्षित न्यूनतम रोकड़ शेष (₹ 0.16 करोड़) में कमी को पूरा करने के लिए राज्य सरकार द्वारा अर्थोपाय अग्रिम लेने के बावजूद यदि कमी रहती है तो भारतीय रिज़र्व बैंक से अधिविकर्ष / ओवर ड्राफ्ट लिया जाता है | वर्ष 2022-23 के दौरान, राज्य सरकार द्वारा कोई अधिविकर्ष नहीं लिया गया ।

1.4.3 निधि प्रवाह विवरण

वर्ष 2022-23 में राज्य का राजस्व आधिक्य ₹5,309.97 करोड़ और राजकोषीय घाटा ₹2,949.04 करोड़ था जो कि राज्य सकल घरेलू उत्पाद का क्रमशः 1.75 और 0.97 प्रतिशत था | शुद्ध लोक ऋण (₹956.30 करोड़), लोक लेखे में वृद्धि (₹1,658.29 करोड़),शुद्ध आकस्मिकता निधि (₹90.16) और प्रारंभिक और अंतिम रोकड़ शेष में शुद्ध कमी (₹244.29 करोड़) से राजकोषीय घाटा पूरा किया गया | राज्य सरकार के राजस्व प्राप्तियों (₹49,082.70 करोड़) का लगभग 53.15 प्रतिशत वचनबद्ध व्यय जैसे वेतन (₹13,515.35 करोड़), ब्याज भुगतान (₹5,103.63करोड़), पेंशन (₹7,180.52 करोड़) और सब्सिडी (₹289.20 करोड़), पर खर्च किया गया था ।

निधि के स्त्रोत एवं उपयोग

(₹करोड़ में)



•1 अप्रैल 2022 को प्रारंभिक रोकड़ शेष	112.47
•राजस्व प्राप्तियाँ	49,082.70
•विविध पूँजीगत प्राप्तियाँ	11.83
•ऋण एवं अग्रिम की वसूली	17.30
•लोक ऋण	9,431.07
•अल्प बचतें, भविष्य निधियाँ इत्यादि	1,886.73
•आरक्षित एवं निक्षेप निधियाँ	1,483.87
•जमा प्राप्तियाँ	5,386.61
•सिविल अग्रिमों का पुनर्भुगतान	0.00
•उचन्त लेखा	96,401.56 [6]
•प्रेषण	1.26
•आकस्मिकता निधि	268.66
•योग	**1,64,084.06**



•राजस्व व्यय	43,772.73
•पूँजीगत व्यय	8,194.51
•प्रद्दत ऋण	93.63
•लोक ऋण का पुनर्भुगतान	8,474.77
•अल्प बचतें, भविष्य निधियाँ इत्यादि.	1,763.78
•आरक्षित एवं प्रेषण निधियाँ	1,422.24
•जमा पुनर्भुगतान	5,042.15
•प्रद्दत सिविल अग्रिम	0.00
•उचन्त लेखा	95,289.52[7]
•प्रेषण	-15.95
•आकस्मिकता निधि	178.50
•31मार्च 2022 को अन्तिम रोकड़ शेष	-131.82
•योग	**1,64,084.06**

[6]रोकड़ शेष निवेश लेखा के ₹45,727.35 करोड़ सम्मिलित हैं।

[7]रोकड़ शेष निवेश लेखा के ₹44,343.10 करोड़ सम्मिलित हैं।

1.4.4 ₹ कहाँ से आया?

वास्तविक प्राप्तियाँ

27719.54, कर राजस्व, 53.24%

16996.61, सहायक अनुदान, 32.65%

4366.55, करेत्तर राजस्व, 8.39%

1112.04, उच्चंत एव विविध (शुद्ध), 2.14%

956.30, लोक ऋण (शुद्ध), 1.84%

344.46, जमा (शुद्ध), 0.66%

244.29, रोकड़ शेष, 0.47%

122.95, अल्प बचतें (शुद्ध), 0.24%

90.16, आकस्मिकता निधि (शुद्ध), 0.17%

61.63, शुद्ध आरक्षित एव ऋण शोधन निधियां, 0.12%

17.30, ऋणों एवं अग्रिमों की वसूली, 0.03%

17.21, प्रेषण (शुद्ध), 0.03%

11.83, पूंजीगत प्राप्तियां, 0.02%

1.4.5 ₹ कहाँ गया?

वास्तविक व्यय

13515.35, वेतन, 25.96%

8194.51, पूंजीगत व्यय , 15.74%

7180.52, पेंशन भुगतान, 13.79%

6062.88, सामाजिक सेवायें, 11.65%

5590.66, सहायक अनुदान, 10.74%

5213.63, ब्याज भुगतान एवं ऋण सेवायें, 10.01%

2747.78, आर्थिक सेवायें , 5.28%

2040.66, स्थानीय निकायों तथा पंचायती राज संस्थाओं को क्षतिपूर्ति तथा समनुदेशन , 3.92%

1132.05, सामान्य सेवायें (अन्य), 2.17%

289.20, सब्सिडी, 0.56%

93.63, ऋण एवं अग्रिम , 0.18%

वर्ष 2022-23 के दौरान ₹5,309.97 करोड़ का राजस्व आधिक्य (2021-22 में ₹4,128.04 करोड़ राजस्व आधिक्य) और ₹2,949.04 करोड़ का राजकोषीय घाटा (2021-22 में ₹3,735.84 करोड़ राजकोषीय घाटा) सकल राज्य घरेलू उत्पाद का क्रमशः1.75 *प्रतिशत* और 0.97 *प्रतिशत* है |राजकोषीय घाटा सकल व्यय (₹52,060.87) का 5.66 *प्रतिशत* रहा |

<u>घाटा और आधिक्य क्या दर्शाते हैं</u>

घाटा

राजस्व और व्यय के अन्तर को दर्शाता है | घाटे का स्वरूप, घाटा वित्त पोषण कैसे हो तथा निधियों का उपयोग वित्तीय प्रबंधन में दूरदर्शिता के महत्वपूर्ण संकेतक हैं |

राजस्व घाटा / आधिक्य

राजस्व प्राप्तियों और राजस्व व्यय के बीच के अन्तर को दर्शाता है |राजस्व व्यय की आवश्यकता सरकार की वर्तमान स्थापना के रखरखाव हेतु होती है और आदर्शत: इसे राजस्व प्राप्तियों से पूर्णतः वहन किया जाना चाहिए |

राजकोषीय घाटा / आधिक्य

सकल प्राप्तियों [उधारों को छोड़कर] और सकल व्यय के बीच के अन्तर को दर्शाता है | इसलिए यह स्पष्ट करता है कि व्यय को किस हद तक उधारी द्वारा वित्त पोषित किया गया तथा आदर्शत: उधारों को पूँजीगत परियोजनाओं में निवेशित किया जाना चाहिए|

1.5 राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) अधिनियम 2005

घाटा संकेतक, राजस्व संवर्धन तथा व्यय प्रबंधन सरकार की राजकोषीय कार्यशैली को जाँचने के मुख्य मापदंड हैं ।उत्तराखण्ड सरकार ने राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (FRBM) अधिनियम, 2005 को अधिनियमित किया है। इस अधिनियम को 2011, 2016,2020 और 2023 में संशोधित किया गया है। इस अधिनियम के अनुसार, राज्य सरकार को निर्दिष्ट अवधि तक कुछ राजकोषीय लक्ष्य प्राप्त करने की आवश्यकता थी। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान अधिनियमों द्वारा और इसके तहत बनाए गए नियमों में निर्धारित राजकोषीय लक्ष्यों के तहत उपलब्धियाँ निम्नानुसार थी:

क्रम संख्या.	वित्तीय मापदण्ड	वास्तविक आँकड़े (₹करोड़ में)	जीएसडीपी से अनुपात[8]	
			लक्ष्य	**उपलब्धि**
1	राजस्व आधिक्य	5,309.97	राज्य में राजस्व आधिक्य होना चाहिए	1.75 (प्राप्त किया)
2	राजकोषीय घाटा	2,949.04	3.5[9]	0.97(प्राप्त किया))
3	लोक ऋण और अन्य दायित्व	72,860.01[10]	33.3	24.08[10] (प्राप्त नहीं किया)
4	प्राथमिक घाटा	2,154.59	..	0.71

राज्य सरकार ने उत्तराखण्ड राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन नियम, 2005 के तहत आवश्यक उद्घोषणाएँ विधानमंडल में प्रस्तुत किए।

राज्य सरकार का राजस्व आधिक्य वर्ष 2021-22 में ₹4,128.04 करोड़ जबकि वर्ष 2022-23 के दौरान राजस्व आधिक्य ₹5,309.97 करोड़ का था जो एफ.आर.बी.एम अधिनियम के लक्ष्यों के अनुरूप है । ₹786.80 करोड़ की कमी के साथ राजकोषीय घाटा वर्ष 2021-22 में ₹3,735.84 करोड़ से घटकर 2022-23 में ₹2,949.04 करोड़ हो गया जो सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 0.97*प्रतिशत* था जो कि सकल राज्य

[8]वर्ष 2022-23 के लिए सकल राज्य घरेलू उत्पाद ₹3,02,620.68 करोड़ का आँकड़ा (वर्तमान मूल्यों पर) अर्थशास्त्र और सांख्यिकी निदेशालय की वेबसाइट से लिया गया है |

[9]एफआरबीएम अधिनियम 2023 के अनुसार राजकोषीय घाटे की सीमा जीएसडीपी का 3.5 प्रतिशत और सशर्त सीमा जीएसडीपी का 3.5 प्रतिशत तक है।

[10]जीएसटी क्षतिपूर्ति कमी के बदले भारत सरकार से प्राप्त ₹ 5,649.03 करोड़ (2020-21 के लिए ₹ 2,316.00 करोड़ + 2021-22 के लिए ₹ 3,333.03 करोड़) के बैंक टू बैंक ऋण को जीएसडीपी के लिए बकाया ऋण के अनुपात की गणना के लिए बाहर रखा गया है। भारत सरकार के स्पष्टीकरण पत्र सं.F. No. 40 (1) PF-S/2021-22 दिनांक 10-12-2021 के अनुसार इस उधार को वित्त आयोग द्वारा निर्धारित किसी भी मानदंड के लिए राज्य के ऋण के रूप में नहीं माना जाएगा।

घरेलू उत्पाद के 3.5 *प्रतिशत* के लक्ष्य की पुष्टि करता है | सार्वजनिक ऋण और अन्य देनदारियों को वर्ष 2022-23 तक जीएसडीपी के 33.30 प्रतिशत तक रखने के सापेक्ष सार्वजनिक ऋण और अन्य देनदारियां ₹72,860.01 करोड़ थी जो जीएसडीपी का 24.08 *प्रतिशत* थी ।

1.5.1 राजस्व घाटे/ आधिक्य की प्रवृति

राजस्व घाटे/ आधिक्य की प्रवृति



जीएसडीपी के अनुपात में राजस्व घाटे/ आधिक्य की प्रवृति



नोट: अनुपात का ऋणात्मक चिन्ह (-) राजस्व घाटे को दर्शाता है एवं धनात्मक चिन्ह (+) राजस्व आधिक्य को दर्शाता है |

1.5.2 राजकोषीय घाटे की प्रवृति

राजकोषीय घाटे की प्रवृति



जीएसडीपी के अनुपात में राजकोषीय घाटे की प्रवृति



1.5.3 उधार ली गयी निधियों में से पूँजीगत व्यय पर खर्च का अनुपात

(₹ करोड़ में)

वर्ष	उधार ली गई निधियाँ[11]	पूँजीगत व्यय
2018-19	15,448	6,184
2019-20	13,113	5,414
2020-21	15,135	6,538
2021-22	7,918	7,534
2022-23	9,431	8,195



सामान्यतः सरकारें राजकोषीय घाटे पर चलती हैं और पूँजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए / तथा आर्थिक व सामाजिक ढांचे के निर्माण के लिए ऋण लेती हैं, ताकि उधार के माध्यम से निर्मित संपत्तियां अपने लिए स्वयं आय उत्पन्न कर सके। इस प्रकार उधार ली गई निधियों का पूरा उपयोग पूँजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए और राजस्व प्राप्तियों का उपयोग मूलधन और ब्याज की अदायगी हेतु अपेक्षित है । हालाँकि, राज्य सरकार ने वर्तमान वर्ष में कुल उधारों (₹9,431 करोड़) का केवल 86.89 प्रतिशत (₹8,195 करोड़) सरकार द्वारा प्रदत्त ऋणों, 0.99 प्रतिशत (₹93.63 करोड़) सरकार द्वारा दिए गये ऋणों पर खर्च किया | इस लिए, ऐसा प्रतीत होता है कि सार्वजनिक ऋण में शेष 12.12 प्रतिशत उधार का उपयोग पिछले वर्षों के सार्वजनिक ऋण और सार्वजनिक खाते के हिस्से को चुकाने के लिए किया गया था।

[11] वर्ष के दौरान लोक ऋण की प्राप्तियों को प्रदर्शित करती है |

अध्याय 2
प्राप्तियाँ

2.1 प्रस्तावना

सरकार की प्राप्तियाँ राजस्व प्राप्तियों एवं पूँजीगत प्राप्तियों के रूप में वर्गीकृत की गई है | वर्ष 2022-23 के दौरान कुल प्राप्तियाँ ₹58,542.90 करोड़ (₹49,082.70 करोड़ की राजस्व प्राप्तियाँ एवं ₹9,460.20 करोड़ की पूँजीगत प्राप्तियाँ) थी |

2.2 राजस्व प्राप्तियाँ

सरकार की प्राप्तियों में तीन घटक शामिल हैं नामतः कर राजस्व (स्वकर राजस्व + केन्द्रीय करों/शुल्कों का राज्यांश), करेत्तर राजस्व और केंद्र सरकार से प्राप्त सहायक अनुदान |

कर राजस्व — राज्यों द्वारा वसूले गए एवं प्रतिधारित किए गए तथा संविधान के अनुछेद 280 (3) के अंतर्गत संघीय करों से राज्यांश के रूप में प्राप्त कर सम्मिलित हैं |

करेत्तर राजस्व — ब्याज प्राप्तियाँ, लाभांश, लाभ, विभागीय प्राप्तियाँ इत्यादि सम्मिलित हैं |

सहायक अनुदान — सहायक अनुदान संघ सरकार द्वारा राज्य सरकार को प्रदान की गई केन्द्रीय सहायता को प्रदर्शित करती है | इसमें विदेशी सरकारों से प्राप्त "बाह्य अनुदान सहायता" और 'सहायता, सामग्री, उपकरण' जो संघ सरकार के माध्यम से राज्य सरकार को प्राप्त होते हैं, भी सम्मिलित हैं | राज्य सरकार भी पंचायती राज संस्थाएं, स्वायत्त संस्थाएँ इत्यादि को सहायता अनुदान प्रदान करती है |

राजस्व प्राप्तियाँ



2.2.1 राजस्व प्राप्तियों के घटक (2022-23)

घटक	वास्तविक *(₹ करोड़ में)*	राजस्व प्राप्तियों से *प्रतिशत*
A. कर राजस्व[1]	**27,719.54**	**56.47**
वस्तु एवं सेवा कर	10,340.67	21.07
आय और व्यय पर कर	7,034.55	14.33
संपत्ति और पूँजीगत संव्यवहारों पर कर	2,052.26	4.18
वस्तुओं और सेवाओं पर कर	8,292.06	16.89
B. करेत्तर राजस्व	**4,366.55**	**8.90**
अन्य राजकोषीय सेवाएँ	0.00	0.00
ब्याज प्राप्तियाँ, लाभांश और लाभ	784.11	1.60
सामान्य सेवाएँ	1,933.79	3.94
सामाजिक सेवाएँ	526.54	1.07
आर्थिक सेवाएँ	1,122.11	2.29
C. सहायक अनुदान और अंशदान	**16,996.61**	**34.63**
योग - राजस्व प्राप्तियाँ	**49,082.70**	**100**

2.2.2 राजस्व प्राप्तियों की प्रवृति

(₹करोड़ में)

	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
कर राजस्व (राज्य द्वारा उघाया गया)	12,188 (5)	11,513 (5)	11,937(5)	14,176 (5)	17,102(6)
केन्द्रीय करों/शुल्कों का राज्यांश	8,011 (4)	6,902 (3)	6,569(3)	9,906 (4)	10,617(3)
करेत्तर राजस्व	3,310 (1)	3,999 (2)	4,171(2)	2,756 (1)	4,367(1)
सहायक अनुदान	7,707 (3)	8,309 (3)	15,527(6)	16,219 (6)	16,997(6)
योग राजस्व प्राप्तियाँ	31,216 (13)	30,723 (13)	38,204(16)	43,057 (16)	49,083(16)
जीएसडीपी	2,30,314	2,39,247	2,36,860	2,72,159	3,02,621[2]

नोट: कोष्ठक में दिए गए आँकड़े सकल राज्य घरेलू उत्पाद से प्रतिशतता दर्शाते हैं | वर्ष 2022-23 के लिए सकल राज्य घरेलू उत्पाद ₹ 3,02620.68 करोड़ का आँकड़ा (वर्तमान मूल्यों पर) अर्थशास्त्र और सांख्यिकी निदेशालय की वेबसाइट से लिया गया है |

[1]राज्य को समनुदेशित शुद्ध आय का भाग सम्मिलित [भारत सरकार से प्राप्त] है |

[2]*अग्रिम अनुमान*

हालाँकि 2022-23 में जीएसडीपी में पिछले वर्ष की तुलना में 11.19 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि राजस्व प्राप्तियों में 14.00 प्रतिशत की वृद्धि हुई | पिछले वर्ष की तुलना में कर राजस्व (राज्यों को समनुदेशित शुद्ध आय का भाग सहित) में 15.10 प्रतिशत की वृद्धि, गैर-कर राजस्व में 58.45 प्रतिशत की वृद्धि और सहायक अनुदान में 4.80 प्रतिशत की वृद्धि हुई

राजस्व प्राप्तियों के घटकों की प्रवृति



2.3 कर राजस्व

(₹ करोड़ में)

	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
(अ) वस्तु एवं सेवा कर[3]	6,937(3.01)	6,890 (2.88)	7,007(2.96)	8,803 (3.23)	**10341(3.42)**
(ब) आय और व्यय पर अन्य कर	4,853(2.11)	4,197(1.76)	4,012(1.69)	5,924 (2.18)	**7035 (2.32)**
(स) सम्पति और पूँजीगत संव्यवहारों पर कर	1,051(0.45)	1,096 (0.46)	1,124(0.47)	1,529 (0.56)	**2052 (0.68)**
(द) वस्तुओं और सेवाओं पर अन्य कर	7,359(3.20)	6,232 (2.60)	6,363(2.69)	7,826 (2.88)	**8292(2.74)**
कुल कर राजस्व	**20,200(8.77)**	**18,415(7.70)**	**18,506(7.81)**	**24,082 (8.85)**	**27,720(9.16)**
सकल राज्य घरेलू उत्पाद	2,30,314	2,39,247	2,36,860	**2,72,159**	**302621**

नोट: कोष्ठक में दिए गए आँकड़े सकल राज्य घरेलू उत्पाद से प्रतिशतता दर्शाते हैं |

[3] जीएसटी 01/07/2017 को लागू किया गया था |

2022-23 के दौरान कुल कर राजस्व में वृद्धि मुख्य रूप से वस्तु एवं सेवा कर (₹1,538 करोड़), आय एवं व्यय पर कर (₹1,111 करोड़) और वस्तुओं एवं सेवाओं पर अन्य कर (₹523 करोड़) के तहत अधिक संग्रह के कारण थी।

जीएसडीपी के अनुपात में प्रमुख करों की प्रवृत्ति



2.3.1 राज्य का स्वकर एवं केन्द्रीय करों में राज्यांश

राज्य सरकार का कर राजस्व दो स्रोतों नामतः राज्य का अपना कर संग्रह और संघ करों का विचलन से बनता है |

वर्ष	कर राजस्व (₹ करोड़ में)	संघ के कर और शुल्कों में राज्यांश (₹ करोड़ में)	राज्य का स्वयं का कर राजस्व	
			कर राजस्व (₹ करोड़ में)	जीएसडीपी से *प्रतिशत*
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
2018-19	20,200	8,012	12,188	5.29
2019-20	18,415	6,902	11,513	4.81
2020-21	18,506	6,569	11,937	5.04
2021-22	24,082	9,906	14,176	5.21
2022-23	27,720	10,617	17,102	5.65

निम्न तालिका में पांच वर्षों की अवधि में दोनों स्रोतों से प्राप्त कर राजस्व की तुलनात्मक स्थिति को दर्शाया गया है: *(₹ करोड़ में)*

	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
राज्य का स्वकर संग्रह	12,188	11,513	11,937	14,176	**17,102**
संघ करों का विचलन	8,012	6,902	6,569	9,906	**10,617**
कुल कर राजस्व	20,200	18,415	18,506	24,082	**27,720**
कुल कर राजस्व में राज्य के स्वकर का *प्रतिशत*	60.34	62.52	64.50	58.87	**61.70**

समग्र कर राजस्व में राज्य के स्वकर संग्रह का अनुपात 2018-19 में बढ़कर 60 प्रतिशत, 2019-20 में बढ़कर 63 प्रतिशत, 2020-21 में बढ़कर 65 प्रतिशत और 2021-22 में घटकर 59 प्रतिशत और 2022-23 में बढ़कर 62 प्रतिशत हो गया|

2.3.2 पिछले पांच वर्षों में राज्य के अपने कर संग्रह की प्रवृति (₹ करोड़ में)

विवरण	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
1. **राज्य वस्तु एवं सेवा कर**	4,802	4,931	5,053	**5,973**	7,341
2. **बिक्री, व्यापार आदि पर कर**	1,883	1,811	1,858	2,302	2,555
3. **राज्य उत्पाद शुल्क**	2,871	2,727	2,966	3,258	3,526
4. **वाहन पर कर**	909	908	741	889	1,211
5. **स्टाम्प और पंजीकरण शुल्क**	1,015	1,072	1,107	1,488	1,987
6. **बिजली पर कर और शुल्क**	506	39	189	224	294
7. **भू राजस्व**	34	24	17	40	65
8. **अन्य कर**	168	01	06	02	123
राज्य का कुल स्वकर	12,188	11,513	11,937	14,176	17,102

2.4 कर संग्रह की लागत

(₹ करोड़ में)

	2017-18	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
1. स्टाम्प और पंजीकरण शुल्क					
राजस्व संग्रह	1,015	1,072	1,107	1,488	1,987
संग्रह पर व्यय	12	13	17	15	32
कर संग्रह की लागत	1.18%	1.21%	1.54%	1.01%	1.61%
2 राज्य उत्पाद शुल्क					
राजस्व संग्रह	2,871	2,727	2,966	3,258	3,526
संग्रह पर व्यय	26	25	28	30	32
कर संग्रह की लागत	0.91%	0.92%	0.94%	0.92%	0.91%
3. बिक्री,व्यापार आदि पर कर					
राजस्व संग्रह	1,883	1,811	1,858	2,302	2,555
संग्रह पर व्यय	41	8	35	38	20
कर संग्रह की लागत	2.18%	0.44%	1.88%	1.65%	0.78%
4. वाहनों पर कर					
राजस्व संग्रह	909	908	741	889	1,212
संग्रह पर व्यय	0.28	0.21	0.20	0.48	0.90
कर संग्रह की लागत	0.03%	0.02%	0.03%	0.05%	0.07%
5.राज्य वस्तु एवं सेवा कर					
राजस्व संग्रह	4,802	4,931	5,054	5,973	7,341
संग्रह पर व्यय	86	87	90	97	120
कर संग्रह की लागत	1.79%	1.76%	1.78%	1.62%	1.63%

2.5 पिछले पांच वर्षों में केंद्रीय करों में राज्यांश की प्रवृति

(₹ करोड़ में)

विवरण	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर	1,977	1,959	1,953	2,830	3,000
समेकित वस्तु एवं सेवा कर	158	…	…	…	…
निगम कर	2,786	2,353	1,981	2,986	3,560
आय पर निगम कर से भिन्न कर	2,052	1,844	2,031	2,938	3,475
आय और व्यय पर अन्य कर	15	…	…	…	…
सम्पति कर	1	…	…	01	…
सीमा शुल्क	568	438	350	676	417
संघ उत्पाद शुल्क	377	304	221	338	131
सेवा कर	74	…	28	128	17
वस्तुओं एवं सेवाओं पर अन्य कर तथा शुल्क	4	4	5	09	17
संघ के करों/शुल्कों में राज्यांश	**8,012**	**6,902**	**6,569**	**9,906**	10,617
कुल कर राजस्व	**20,200**	**18,415**	**18,506**	**24,082**	27,720

कुल कर राजस्व से केंद्रीय करों में राज्यांश का प्रतिशत	39.66	37.48	35.50	41.13	38.30

उत्तराखंड सरकार को 2018-19 से 2022-23 की अवधि के दौरान सभी साझा करने योग्य केंद्रीय करों की शुद्ध आय से 35.50 प्रतिशत से 41.13 प्रतिशत के बीच कर राजस्व का हिस्सा प्राप्त हुआ।

2.6 सहायक अनुदान

सहायक अनुदान, राज्य योजनाओं, केन्द्रीय योजनाओं एवं केन्द्र प्रायोजित योजनाओं हेतु (नीति आयोग द्वारा अनुशंसित)एवं वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित अनुदान के रूप में भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता को प्रदर्शित करता है |

2022-23 के दौरान सहायक अनुदान के तहत कुल प्राप्तियाँ ₹1,6997 करोड़ थीं जैसा कि नीचे दिखाया गया है:

सहायक अनुदान



* जीएसटी के कार्यान्वयन से उत्पन्न राजस्व के नुकसान की क्षतिपूर्ति हेतु अनुदान (₹2,135.61 करोड़) सम्मिलित है |

सहायक अनुदान की प्रवृति



2.7 लोक ऋण

विगत पांच वर्षों में लोक ऋण (आँकड़े वर्ष 2022-23 के दौरान शुद्ध वृद्धि/कमी को दर्शाते हैं) की स्थिति की प्रवृत्ति:

₹करोड़ में

विवरण	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
आंतरिक ऋण	5,156	3,994	3,865	458	-201
केन्द्रीय ऋण	62	23	3,000	3,630	1,157
कुल	5,218	4,017	6,865	4,088	965

वर्ष 2022-23 के दौरान, कुल ₹32,00.00 करोड़ के पाँच ऋण खुले बाजार से 7.62 *प्रतिशत* से 7.85 *प्रतिशत* तक की ब्याज दरों पर लिए गये और वे वर्ष 2032 एवं 2033 में शोधनीय हैं । इसके अलावा, राज्य सरकार ने वित्तीय संस्थानों से ₹616.38 करोड़ का ऋण लिया । भारतीय रिज़र्व बैंक से अर्थोपाय अग्रिमों से ₹ 4,395.47 करोड़ की राशि प्राप्त की गई। इस प्रकार वर्ष 2022-23 के दौरान सरकार द्वारा कुल ₹8,211.85 करोड़ का आंतरिक ऋण लिया गया। सरकार ने ऋण और अग्रिम के रूप में भारत सरकार से भी ₹1,219.22 करोड़ प्राप्त किए।

उधार निधियाँ अर्थात पूँजीगत व्यय



अध्याय 3
व्यय

3.1 परिचय

व्यय को राजस्व व्यय एवं पूँजीगत व्यय के रूप में वर्गीकृत किया जाता है | राजस्व व्यय संगठन के संचालन हेतु दिन-प्रतिदिन की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए किया जाता है | पूँजीगत व्यय स्थाई परिसम्पतियों के सृजन या इस प्रकार की परिसम्पतियों की उपयोगिता बढ़ाने या स्थाई देयताओं को कम करने के लिए किया जाता है |

सरकारी लेखे में व्यय को शीर्ष स्तर पर तीन क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया है; सामान्य सेवाएँ, सामाजिक सेवाएँ और आर्थिक सेवाएँ | इन क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले व्यय के महत्वपूर्ण क्षेत्रों का उल्लेख नीचे दी गई तालिका में किया गया है:







3.2 राजस्व व्यय

पिछले पांच वर्षों के दौरान विनियोग लेखे के अनुसार बजट अनुमानों के विरुद्ध राजस्व व्यय की कमी नीचे दी गई है:

(₹ करोड़ में)

वर्ष	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
बजट अनुमान	37,334	40,539	44,461	48,193	**51,290**
वास्तविक आँकड़े	32,196	32,859	37,091	38,929	**43,773**
अन्तर	5,138	7,680	7,370	9,264	**7,517**
बजट अनुमान से अन्तर का प्रतिशत	14	19	17	19	**15**

(स्रोत: सम्बंधित वर्षों के विनियोग लेखे)

वर्ष 2022-23 के दौरान कुल राजस्व व्यय का लगभग 60 *प्रतिशत* प्रतिबद्ध व्यय जैसे वेतन (₹13,515 करोड़), ब्याज भुगतान (₹5,104 करोड़), पेंशन (₹7,181 करोड़) और सब्सिडी (₹289 करोड़) पर किया गया | पिछले पांच वर्षों में किए गए प्रतिबद्ध और अप्रतिबद्ध राजस्व व्यय की स्थिति नीचे दी गई है:

(₹करोड़ में)

घटक	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
कुल राजस्व व्यय	32,196	32,859	37,091	38,929	43,773
प्रतिबद्ध राजस्व व्यय[1]	21,570	21,760	22,835	23,865	26,089
कुल राजस्व व्यय से प्रतिबद्ध राजस्व व्यय का प्रतिशत	67	66	62	61	60
अप्रतिबद्ध राजस्व व्यय	10,626	11,099	14,256	15,064	17,684

यह देखा जा सकता है कि 2022-23 के दौरान विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए उपलब्ध अप्रतिबद्ध राजस्व व्यय में 66.42 *प्रतिशत* बढ़ोतरी के साथ वर्ष 2018-19 में ₹10,626 करोड़ से बढ़कर 2022-23 में ₹17,684 करोड़ हो गया । कुल राजस्व व्यय 35.96 *प्रतिशत* बढ़ोतरी के साथ वर्ष 2018-19 में ₹32,196 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2022-23 में ₹43,773 करोड़ हो गया और इसी अवधि में प्रतिबद्ध राजस्व व्यय में 20.95 *प्रतिशत* की वृद्धि हुई |

[1]प्रतिबद्ध राजस्व व्यय में वेतन, ब्याज, पेंशन और सब्सिडी भुगतान पर किया गया खर्च सम्मिलित है |

3.2.1 राजस्व व्यय का क्षेत्रवार वितरण (2022-23)

(₹ करोड़ में)



(द) उर्जा
(17)
(य) उद्योग एवं खनिज
(248)
(स) सिचाई एवं बाढ़ नियंत्रण
(501)
(र) परिवहन
(572)
(ब) ग्रामीण विकास
(2,184)
(ल) विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण
(66)
(अ) कृषि एवं सम्बंधित गतिविधियाँ
(2,901)
(ग) आर्थिक सेवाएँ
(6,687)
(व) सामान्य आर्थिक सेवाएँ
(198)


(घ) अनुदान एवं अंशदान
(2,041)


(ख) सामाजिक सेवाएँ
(18,156)
(ग) आर्थिक सेवाएँ
(6,687)
(क) सामान्य सेवाएँ
(16,889)
राजस्व व्यय
(43,773)
(घ) अनुदान एवं अंशदान
(2,041)

3.2.2 राजस्व व्यय के मुख्य घटक (2018-19 से 2022-23) (₹ करोड़ में)

घटक	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
सामाजिक सेवाएँ	12,209	12,593	14,762	15,573	**18,156**
आर्थिक सेवाएँ	5,003	4,704	5,571	6,148	**6,687**
ऋण सेवाएँ	4,475	4,654	4,923	5,149	**5,214**
सामान्य सेवाएँ (ऋण सेवाओं पर व्यय को छोड़कर)	9,050	9,191	9,903	10,519	**11,675**
अनुदान एवं अंशदान	1,459	1,717	1,932	1,540	**2,041**

राजस्व व्यय के मुख्य घटकों की प्रवृति



3.3 पूँजीगत व्यय

यदि विकास प्रक्रिया को बनाए रखना है तो पूँजीगत व्यय आवश्यक है। वर्ष 2022-23 के दौरान पूँजीगत व्यय ₹8,195 करोड़ (जी.एस.डी.पी. का 2.71 प्रतिशत) बजट अनुमान (₹11,988 करोड़) से ₹3,793 करोड़ कम था | पूँजीगत व्यय में वृद्धि ने (वर्ष 2019-20 को छोड़कर) वर्ष 2018-19 से स्थिर तालमेल बिठाया है |

यह निम्न तालिका में देखा जा सकता है: (₹करोड़ में)

क्र.सं.	घटक	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
1	बजट (बजट अनुमान)	6,584	6,572	7,383	8,973	11,988
2	वास्तविक व्यय[2]	6,184	5,414	6,538	7,534	8,195
3	बजट अनुमानों से वास्तविक व्यय की *प्रतिशतता*	94	82	89	84	68
4	पूँजीगत व्यय में वार्षिक वृद्धि	5%	(-) 12%	21%	15%	9%
5	सकल राज्य घरेलू उत्पाद	2,30,314	2,39,247	2,36,860	2,72,159	3,02,621
6	सकल राज्य घरेलू उत्पाद में वार्षिक वृद्धि	4.58 %	3.88%	-1.00 %	14.90 %	11.19%

3.3.1 पूँजीगत व्यय का क्षेत्रवार वितरण

वर्ष 2022-23 के दौरान सरकार ने विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं पर ₹197 करोड़ (मुख्य सिंचाई पर ₹137 करोड़, मध्यम सिंचाई पर ₹6 करोड़ और लघु सिंचाई पर ₹54 करोड़) व्यय किये | इसके अतिरिक्त सरकार ने सड़कों एवं पुलों के निर्माण पर ₹1,298 करोड़ व्यय किये तथा सरकारी एवं अन्य कंपनियों और सहकारी समितियों में ₹225 करोड़ निवेश किये |

3.3.2 पिछले पांच वर्षों में पूँजीगत व्यय का क्षेत्रवार वितरण (₹करोड़ में)

क्षेत्र	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
सामान्य सेवाएँ	454(7)	362 (7)	755(12)	1,085 (14)	1,608(20)
सामाजिक सेवाएँ	1,099(17)	1,610 (29)	1,938(29)	2,262 (29)	2,013(24)
आर्थिक सेवाएँ	4,631(73)	3,442(62)	3,845(58)	4,187 (53)	4,573(55)
ऋण एवं अग्रिम	183(3)	126 (2)	38(1)	347 (4)	94(1)
योग	**6,367**	**5,540**	**6,576**	**7,881**	**8,288**

नोट: कोष्ठक के आँकड़े कुल पूँजीगत व्यय के प्रतिशत को दर्शाते हैं |

[2]ऋण और अग्रिम पर व्यय सम्मिलित नहीं है |

पूँजीगत व्यय के क्षेत्रवार वितरण की प्रवृति



3.3.3 पूँजीगत एवं राजस्व व्यय का क्षेत्रवार वितरण

विगत पांच वर्षों में पूँजीगत और राजस्व व्यय का तुलनात्मक क्षेत्रवार विवरण निम्न दिखाया गया है:

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	क्षेत्र		2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
क	सामान्य सेवाएँ	पूँजीगत	454	362	755	1,085	1,608
		राजस्व	13,525	13,845	14,826	15,668	16,889
ख	सामाजिक सेवाएँ	पूँजीगत	1,099	1,610	1,938	2,262	2,013
		राजस्व	12,209	12,593	14,762	15,573	18,156
ग	आर्थिक सेवाएँ	पूँजीगत	4,631	3,442	3,845	4,187	4,574
		राजस्व	5,003	4,704	5,571	6,148	6,687
घ	सहायक अनुदान एवं अंशदान	पूँजीगत	अनुपलब्ध	अनुपलब्ध	अनुपलब्ध	अनुपलब्ध	अनुपलब्ध
		राजस्व	1,459	1,717	1,932	1,540	2,041

3.4 प्रतिबद्ध व्यय

पिछले वर्ष की तुलना में 2022-23 में वेतन, पेंशन, सब्सिडी और ब्याज भुगतान पर व्यय में वृद्धि देखी गई |

प्रतिबद्ध व्यय की प्रवृति



पिछले पांच वर्षों में राजस्व व्यय और राजस्व प्राप्तियों की तुलना में प्रतिबद्ध व्यय की प्रवृत्ति को नीचे दर्शाया गया है:

(₹ करोड़ में)

घटक	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
प्रतिबद्ध व्यय	21,570	21,760	22,835	23,865	26,089
राजस्व व्यय	32,196	32,859	37,091	38,929	43,773
राजस्व प्राप्तियाँ	31,216	30,723	38,204	43,057	49,083
प्रतिबद्ध व्यय का राजस्व प्राप्तियों से *प्रतिशत*	69	71	60	55	53
प्रतिबद्ध व्यय का राजस्व व्यय से *प्रतिशत*	67	66	62	61	60

2018-19 से 2022-23 के लिए प्रतिबद्ध व्यय में 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि राजस्व व्यय में इसी अवधि के दौरान 36 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जिससे सरकार को विकास कार्यों के लिए धन की कमी रही |

अध्याय 4
विनियोग लेखे

4.1 वर्ष 2022-23 के विनियोग लेखे का सारांश

(₹करोड़ में)

क्र. सं.	व्यय का स्वरूप	मूल अनुदान	अनुपूरक अनुदान	अभ्यर्पण	योग	वास्तविक व्यय	बचत(-) / आधिक्य (+)
1	राजस्व दत्तमत भारित	42,594.08 *6,419.23*	2,072.46 *203.97*	0.00 *0.00*	44,666.54 *66,23.20*	38,434.43 *5,338.30*	(-)6,232.11 *(-)1,284.90*
2	पूँजीगत दत्तमत भारित	1,08,35.27 *0.00*	1,147.41 *0.00*	0.00 *0.00*	11,982.68 *0.00*	8,251.77 *0.00*	(-)3,730.91 *0.00*
3	लोक ऋण भारित	*5,568.24*	*2,010.00*	*0.00*	*7,578.24*	*8,474.77*	*(+)896.53*
4	ऋण एवं अग्रिम दत्तमत	154.67	6.59	0.00	*161.26*	93.63	*(-)67.63*
	कुल योग	**65,571.49**	**5,440.43**	**0.00**	**71,011.92**	**60,592.90**	**(-)10,419.02**

4.2 विगत पांच वर्षों के दौरान बचत /आधिक्य की प्रवृति

(₹ करोड़ में)

	बचत(-)/आधिक्य (+)				
वर्ष	**राजस्व**	**पूँजीगत**	**लोक ऋण**	**ऋण एवं अग्रिम**	**कुल**
2018-19	(-) 4,443.90	(-) 100.84	(+) 7,048.14	(-) 100.50	**(+) 2,402.90**
2019-20	(-)7,429.38	(-)1,596.81	(+)6,219.72	(-)157.03	**(-)2,963.50**
2020-21	(-)7,370.06	(-)2,772.89	(+)4,766.28	(-)213.98	**(-)5,590.65**
